राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस नोट :–

दिनांक :– 06.09.2018

आयोग के विज्ञापन संख्या 05/SI-PC/परीक्षा/2016–17 दिनांक 05.10.2016 **उप निरीक्षक (पुलिस) प्रतियोगी परीक्षा, 2016** के लिए RPSC Portal पर ऑनलाईन आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों के लिए SSO ID से Recruitment Portal के माध्यम से पूर्व आवेदन क्रमांक (Application ID) सत्यापित करते हुए पुनः नवीन ऑनलाईन आवेदन करने हेतु आयोग द्वारा शुद्धि पत्र संख्या 17/2018–19 दिनांक 16.8.2018 को जारी किया गया जिसके तहत् अभ्यर्थी दिनांक 27.8.2018 से 10.09.2018 तक अपना पुराना आवेदन क्रमांक (Old Application Id) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। अभ्यर्थियो को अपने पुराने आवेदन क्रमांक की जानकारी हेतु आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर लिंक (Get SI Exam 2016 Old Application details) उपलब्ध करवा दिया गया है जिसके अंतर्गत **अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम, एवं जन्म दिनांक दर्ज कर आवेदन क्रमांक की जानकारी प्राप्त कर सकता है।** अतः अभ्यर्थी ऑन लाईन आवेदन करने की अंतिम दिनांक का इंतजार किये बिना निर्धारित समय में SSO ID के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर देवे। SSO ID के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन नही करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नही दी जायेगी।

(पी.सी. बेरवाल)
सचिव